गांव में गाड़ी पहुंची तो खिल उठे चेहरे

मुनस्यारी। गोरीपार के लिए बन रही सड़क छीजागांव तक पहुंच चुकी है। इससे 36 परिवारों के इस गांव में खुशी की लहर है सालों तक सड़क के लिए संघष करने के बाद विगत दिवस जैसे ही एक ट्रक गांव में पहुंचा ते ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे उनका कहना है कि अब वे बाहरी दुनिया से जुड़ गए हैं अब उन्हें मीलों पैदल चलने से निजात मिल सकेगी।

छीजागांव के देव सिंह बोर ने बताया कि गांव वालों क दशकों पुरानी मांग आज पूरी हुई है। पीएमजीएसवाई के तहत यह सड़क बन रही है। अगले साल मार्च माह तक सड़क बसंतकोट पहुंच जाएगी। जून तक उच्छैती के लोगों को भी यातायात सुविधा मिल जाएगी।